राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक एफ.07(01)परीक्षा–'घ'/विधि रचनाकार/2024–25/ दिनांक 01.04.2025

आयोग द्वारा विधि एवं विधिक कार्य विभाग हेतु विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2024 का आयोजन दिनांक 14.07.2024 को किया गया था। उक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु विचारित सूची दिनांक 11.12.2024 को जारी की गई थी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किये गये अभ्यर्थियों की पात्रता जांच कर साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग द्वारा दिनांक 17.02.2025 को जारी कर दिया गया है। शेष असफल अभ्यर्थियों के प्राप्तांक दिनांक 18.03.2025 को आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर जारी कर दिये हैं। नियमानुसार उक्त परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की पुनः गणना (Re-Totalling) कराये जाने हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 04.04.2025 से दिनांक 14.04.2025 (रात्रि 12.00 बजे) तक निम्नानुसार ऑनलाइन अवसर प्रदान किया जाता हैः–

1. उत्तर पुस्तिकाओं में प्राप्त अंकों की पुनः गणना (Re-Totalling) हेतु आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर EXAM DASHBOARD के अंतर्गत Instructions/Link कॉलम में उपलब्ध Link को Click करते हुए स्वयं के आवेदन क्रमांक, रोल नम्बर एवं जन्म दिनांक से लॉगिन कर Online आवेदन कर सकते हैं।
2. इसके लिए 25/–रू प्रति प्रश्न पत्र की दर से शुल्क का ऑनलाईन ही भुगतान कर सकते हैं।
3. ऑफलाईन प्रार्थना–पत्र एवं ऑफलाईन शुल्क किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4 राजस्थान विधिक राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1981 के नियम 25(1) के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांको की पुनर्गणना (Re-Totalling) का प्रावधान किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः परीक्षण (Re-Evaluation) किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जावेगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव